डिजीटल पत्र

दैनिक

# कांग्रेस दर्पण

पटना, 30 अगस्त, शुक्रवार, 2024

बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल सदाकत आश्रम पटना - 10





# कांग्रेस नेता राहुल गांधी का "जूडो अवतार" आया सामने

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का ''जूडो अवतार'' सामने आया है. इसमें वो मार्शल आर्ट के गुर सीखते और एक्शन में नजर आ रहे. अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर उन्होंने जूडो के गुर सीखते हुए एक वीडियो शेयर किया है. इस वीडियो में पहले मार्शल आर्ट की तकनीक को समझते नजर आ रहे, यही नहीं फिर अपने विरोधी को चारों खाने चित करते भी नजर आए. कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने इस खास वीडियो के जरिए देशवासियों को राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं भी दी है.

### फुल एक्शन मोड में राहुल गांधी

राहुल गांधी ने इंस्टा पोस्ट में बताया कि आखिर ये वीडियो कब और कैसे बनाया गया. उन्होंने कहा, भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान हमारे कैंप में जिऊ-जित्सू का अभ्यास हमारे दिनचर्या का भाग बन गया था. इस मार्शल आर्ट की कला के जरिए हमने युवाओं को ध्यान, अहिंसा, आत्मरक्षा और उनकी शक्ति समझाने की कोशिश की. युवाओं के बीच ये जेंटिल आर्ट आसानी से एक संवेदनापूर्ण और सुरक्षित समाज का साधन बन सकते हैं. यही खूबसूरती है स्पोर्ट्स की झ आप चाहे कोई भी खेल खेलते हों, वो आपको शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से ताकतवर बनाता है.



### राष्ट्रीय खेल दिवस की दी शुभकामनाएं

राहुल गांधी ने इस वीडियो पोस्ट के जरिए ही राष्ट्रीय खेल दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं. कांग्रेस सांसद पहले भी कई मौकों पर बता चुके हैं कि उन्हें जापानी मार्शल आर्ट आइकीडो बेहद पसंद है. वो अकसर ही आइकीडो का नियमित अभ्यास करते रहते हैं. ऐसा ही कुछ भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कैंप में भी वो सीखते नजर आए.

### वीडियो डालने चंद मिनटों में ही लाखों लाइक्स

राष्ट्रीय खेल दिवस पर राहुल गांधी ने मार्शल आर्ट सीखते और जूडो के दांव-पेच बताते वीडियो शेयर किया है. उनके वीडियो शेयर किए जाने के महज कुछ मिनट में इस वीडियो को लाखों लाइक्स आ चुके हैं. लगातार लोग उनके वीडियो को देख रहे हैं.

# मोदी सरकार टीकाकरण को लेकर गंभीर नहीं



संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

कांग्रेस की सरकार ने साल 2014 में पोलियो को जड़ से मिटाकर भारत को पोलियो मुक्त बनाया था।

ये सब सरकार के दृढ़ निश्चय और स्वास्थ्यकर्मियों के अथक प्रयासों से मुमकिन हो सका।

लेकिन...

अब 10 साल बाद देश में फिर से पोलियो का केस मिला है, जो बेहद चिंता का विषय है। मेघालय में 2 साल के बच्चे को पोलियो होने का मामला सामने आया है।

पोलियो जैसी घातक बीमारी का देश में फिर से लौटना एक गंभीर विषय है। मोदी सरकार इस तरफ ध्यान दे और पोलियो को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए।

हालांकि, कुछ दिन पहले एक खबर आई थी कि साल 2023 में 16 लाख बच्चों को किसी प्रकार का कोई टीका नहीं लगा।

इनमें पोलियो, डिप्थीरिया, टिटनस, चेचक और हेपटाइटिस जैसे टीके शामिल हैं।

ये बताता है कि मोदी सरकार टीकाकरण को लेकर उतनी गंभीर नहीं है, जितना उसे होना चाहिए।

# महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अत्याचार पर डॉ. संजय यादव ने जताई चिंता

## महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा के लिए उठाई आवाज़

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष डॉ. संजय यादव ने हाल ही में देशभर में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अत्याचार पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ' का नारा अब केवल एक जुमला बनकर रह गया है और इसे हकीकत में बदलने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराध असहनीय और घोर निंदनीय हैं। हमें केवल 'बेटी बचाओ' की बात नहीं करनी चाहिए, बल्कि 'बेटी को बराबरी का हक़' देने की दिशा में काम करना चाहिए। महिलाओं को सिर्फ संरक्षण नहीं, बल्कि भयमुक्त वातावरण चाहिए, जहां वे खुलकर जी सकें।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के आंकड़े चौंकाने वाले हैं और इसका समाधान केवल कठोर कानून बनाकर ही हो सकता है। डॉ. यादव कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने कई सुझाव दिये हैं, मोदी सरकार को उन उपायों को लागू करना चाहिए। जैसे देश में हर घंटे महिलाओं के खिलाफ 43 अपराध दर्ज होते हैं, जिनमें से कई अपराध दलित और आदिवासी वर्ग की महिलाओं के खिलाफ होते हैं। इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि कई अपराध दर्ज ही नहीं होते, क्योंकि पीड़िताएं समाज के डर, भय और सामाजिक दबाव के कारण आगे आने से कतराती हैं। यह स्थिति दर्शाती है कि कानून और सामाजिक ढांचे में बड़े बदलाव की जरूरत है।

डॉ. यादव ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कई बार अपने भाषणों में महिला सुरक्षा की बात की है, लेकिन जमीनी हकीकत में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिला है। कागजों पर योजनाएं बनाना और दीवारों पर नारे लिखवाना काफी नहीं है।

हमें सुनिश्चित करना होगा कि महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और न्याय प्रणाली में सुधार हो, ताकि पीड़िताओं को न्याय मिल सके।

महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस और न्यायिक सुधारों की आवश्यकता है। इसके साथ ही, शहरों में बेहतर स्ट्रीट लाइटिंग, महिला शौचालय, और वुमन कॉल सेंटर जैसी सुविधाएं मुहैया कराना भी आवश्यक है।




उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम मिलकर एक ऐसा समाज बनाएं, जहां हर महिला बिना किसी डर के जी सके और अपने अधिकारों के लिए खड़ी हो सके।

# राजीव गांधी जी की प्रतिमा तोड़े जाने के मामले में न्याय की मांग

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

मुंगेर इंडिया गठबंधन के राजीव गांधी जी की प्रतिमा तोड़े जाने के मामले में न्याय की मांग को ले कर पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की प्रतिमा अज्ञात लोगो द्वारा गिरा दी गई थी उस मामले में आज पुलिस अधीक्षक मुंगेर से इंडिया गठबंधन के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की और अविलंब दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में मुंगेर नगर कांग्रेस के अध्यक्ष ई रोहित मणि भूषण , मुंगेर राजद महानगर अध्यक्ष जुनैद मकमूर जी , सीपीआई नेता राजेश कुमार शर्मा, शिव कुमार शर्मा , मुंगेर ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष अकरम प्रवेज जी शामिल थे।

पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि वो ख़ुद मॉनिटर कर रहे है ,दोषियों को छोरा नही जाएगा।

जल्द से प्रतिमा लगे इस दिशा के सार्थक पहल होगी ।।



# केंद्र सरकार ने नहीं दिया GST कंपनसेशन, आर्थिक तंगी के बीच सुक्खू कैबिनेट वेतन-भत्ता त्यागा

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण



शिमला। बाढ़, बारिश और भूस्खलन जैसी आपदाओं के बीच हिमाचल प्रदेश सरकार वित्तीय संकट से जूझ रही है। संकट के इस स्थिति में केंद्र सरकार ने अतिरिक्त पैकेज देना तो दूर GST कंपनसेशन भी रोक दिया है। ऐसे में हिमाचल सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खु समेत सभी मंत्रियों को दो महीनों तक वेतन न देने का फैसला किया है।

राज्य की आर्थिक स्थिति के चलते मुख्यमंत्री और मंत्रियों ने सर्वसम्मति से यह फैसला किया है। इसके साथ ही मुख्य संसदीय सचिव भी अगले दो महीनों तक अपना वेतन नहीं लेंगे।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि जून 2022 के बाद जीएसटी मुआवजे के बंद किए जाने से राज्य को राजस्व में भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है।

इस वजह से राज्य को सालाना 2500-3000 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं, पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने के कारण भी राज्य की उधार लेने की क्षमता में लगभग 2000 करोड़ रुपये की कमी आ गई है। इन चुनौतियों के बारे में बताते हुए सीएम सुक्खू ने कहा कि मौजूदा आर्थिक संकट से बाहर निकल पाना आसान नहीं होगा।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि उन्हें केंद्र सरकार की ओर से कोई सहायता नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023-24 में राजस्व घाटा अनुदान 8,058 करोड़ था, जिसे घटाकर इस साल 6,258 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसका मतलब है कि 1800 करोड़ रुपये की कमी आई है। अगले साल इस अनुदान में 3,000 करोड़ रुपये की कमी आने की आशंका है और इस वजह से यह घटकर 3,257 करोड़ रुपये ही रह जाएगा।

हिमाचल में आई आपदा के बाद की जरूरतों का आकलन का भी सीएम सुक्खू ने जिक्र किया। उन्होंने बताया कि इसके लिए राज्य को 9,042 करोड़ रुपये की जरूरत है लेकिन केंद्र सरकार की ओर से अबतक कोई धनराशि नहीं मिली है।

# महिलाओं के साथ हुआ अन्याय असहनीय, उन्हें प्रोटेक्शन नहीं सेफ्टी चाहिए: मल्लिकार्जुन खड़गे

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण



नई दिल्ली। कोलकाता रेप मर्डर केस के बाद देश में एक बार फिर महिला सुरक्षा को लेकर बहस छिड़ गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि महिलाओं के साथ हुआ हर अन्याय असहनीय है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को प्रोटेक्शन नहीं सेफ्टी चाहिए।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने ट्वीट किया, 'हमारी महिलाओं के साथ हुआ कोई भी अन्याय असहनीय है, पीड़ादायक है और घोर निंदनीय है। हमें 'बेटी बचाओ' नहीं 'बेटी को बराबरी का हक़ सुनिश्चित करो' चाहिए। महिलाओं को संरक्षण नहीं, भयमुक्त वातावरण चाहिए।'

खड़गे ने आगे लिखा, 'देश में हर घंटे महिलाओं के ख़िलाफ़ 43 अपराध रिकॉर्ड होते हैं। हर दिन 22 अपराध ऐसे हैं जो हमारे देश के सबसे कमज़ोर दलित-आदिवासी वर्ग की महिलाओं व बच्चों के ख़िलाफ़ दर्ज होते हैं। अनगिनत ऐसे अपराध है जो दर्ज ही नहीं होते - डर से, भय से, सामाजिक कारणों के चलते।'

कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे लिखा, 'प्रधानमंत्री मोदी जी लाल क़िले के भाषणों में कई बार महिला सुरक्षा पर बात कर चुके हैं, पर उनकी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में ऐसा कुछ ठोस नहीं किया जिससे महिलाओं के ख़िलाफ़ अपराधों में कुछ रोकथाम हो। उल्टा, उनकी पार्टी ने कई बार पीड़िता का चरित्र हनन भी किया है, जो शर्मनाक है। हर दीवार पर ''बेटी बचाओ'' पेंट करवा देने से क्या सामाजिक बदलाव आएगा या सरकारें व क़ानून व्यवस्था सक्षम बनेगी?'

कांग्रेस अध्यक्ष ने लिखा कि क्या हम Preventive क़दम उठा पा रहे हैं? क्या हमारा Criminal Justice System सुधरा है? क्या समाज के शोषित व वंचित अब एक सुरक्षित वातावरण में रह पा रहे हैं? क्या सरकार और प्रशासन ने वारदात को छिपाने का काम नहीं किया है? क्या पुलिस ने पीड़िताओं का अंतिम संस्कार जबरन करना बंद कर दिया है, ताकि सच्चाई बाहर न आ पाएँ?

खड़गे ने कहा, 'हमें ये सोचना है कि जब 2012 में दिल्ली में ''निर्भया'' के साथ वारदात हुई तो जस्टिस वर्मा कमेटी की सिफ़ारिशें लागू हुई थी, आज क्या उन सिफ़ारिशों को हम पूर्णतः लागू कर पा रहे हैं? क्या 2013 में पारित Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act के प्रावधानों का ठीक ढंग से पालन हो रहा है, जिससे कार्यस्थल पर हमारी महिलाओं के लिए भयमुक्त वातावरण तैयार हो सके?'

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि संविधान ने महिलाओं को बराबरी का स्थान दिया है। महिलाओं के ख़िलाफ़ अपराध एक गंभीर मुद्दा है। इन अपराधों को रोकना देश के लिए एक बड़ी चुनौती है। हम सबको एकजुट होकर, समाज के हर तबके को साथ लेकर इसके उपाय तलाशने होंगे। Gender Sensitisation Curriculum हो या Gender Budgeting, Women Call Centres हो या हमारे शहरों में Street Lights और Women Washrooms जैसी मूलभूत सुविधा, या फिर हमारे Police Reforms हो या Judicial Reforms – अब वक्त आ गया है कि हम हर वो कदम उठाए जिससे महिलाओं के लिए भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित हो सके।

## आखिर कोई राष्ट्र अपने शहीदों के बीच भेदभाव कैसे कर सकता है : हेमंत

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

रांची : आखिर कोई राष्ट्र अपने शहीदों के बीच भेदभाव कैसे कर सकता है। देश इस व्यवस्था को स्वीकार नहीं कर सकता। गुरूवार को ये बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहीं।

उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि अब मिलिट्री ऑपरेशन के दौरान कर्त्तव्य निर्वहनरत वीरगति प्राप्त करने वाले राज्य निवासी सैनिक-अग्निवीर के पत्नी अथवा आश्रित को विशेष अनुग्रह अनुदान एवं अनुकम्पा के आधार पर सरकारी नौकरी मिलेगी।

गौरतलब है कि इससे संबंधित प्रस्ताव को गुरूवार को झारखंड कैबिनेट ने मंजूरी दे दी।



# प्रदेशभर में आंदोलन करेगी सेवा दल, जीतू पटवारी बोले- सेवादल को बूथ स्तर तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण



भोपाल। मध्य प्रदेश को कांग्रेस अपने सभी फ्रंटल संगठनों को जमीनी स्तर पर एक्टिव करने में जुटी हुई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी लगातार संगठन के नेताओं के साथ बैठक कर रोड मैप तैयार कर रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को पीसीसी मुख्यालय में कांग्रेस सेवादल की प्रदेश स्तरीय बैठक हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस सेवादल प्रतिबद्धता एवं समर्पण का प्रतीक है, हमारा लक्ष्य है कि हम सेवादल को बूथ स्तर तक पहुंचाने के लिए कार्य करेंगे। सेवादल की मध्य प्रदेश इकाई सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। मैं जिस जिले में भी जाता हूं वहां सेवादल के सिपाहियों की टीम पार्टी के लिए कार्य करते हुए नजर आती है।

पटवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राज में प्रदेश में अराजकता का मौहाल बना हुआ है, महिलाएं, किसान, युवा हर वर्ग परेशान है। बेरोजगारी और महंगाई से प्रदेश में त्राहिमाम की स्थिति बनी हुई है। जो अनुशासन और सम्मान सेवादल के सिपाही का होता है, वह आमजनों के बीच जाकर उनसे चर्चा करें, भाजपा सरकार के दोहरे चरित्र को उजागर करें और कांग्रेस पार्टी की नीतियों, संविधान के बारे में बतायें, आने वाला समय कांग्रेस का ही है, क्योंकि भाजपा की झूठ, फरेब की 20 सालों की सत्ता से प्रदेश की जनता पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है।

इस दौरान AICC के सचिव सी.पी.मित्तल ने कहा कि देश की आजादी में सेवादल का एक महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सेवादल की स्थापना स्वतंत्रता सेनानी, क्रांतिवीरों के परिवार को सेवादल संगठन से जोड़कर उनकी मदद करने, उनके परिवारों को संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी और उन उद्देश्यों में सेवादल पूरी तरह सफल रही है। योगेश यादव जी की कार्यशैली सराहनीय है, जिन्होंने अपने जीवन को सेवादल के सिपाही के रूप में समर्पित किया है और आज भी एक दृढ़योद्धा की तरह कार्य कर रहे है।

इस दौरान मप्र कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष योगेश यादव ने स्वागत भाषण में पिछले 6 माह की गतिविधियों से अवगत कराते हुये बताया कि अगले 6 माह में म.प्र. कांग्रेस सेवादल की ओर से प्रदेश स्तरीय विशाल सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। मप्र के समस्त जिलों में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा साथ ही कांग्रेस सेवादल द्वारा म.प्र. के समस्त जिलों में मप्र की भ्रष्ट सरकार के खिलाफ मप्र की सड़कों पर आंदोलन किया जायेगा।

# कटनी में GRP की बर्बरता, दलित महिला और उसके पोते पर बरसाए डंडे, रूह कंपाने वाला वीडियो वायरल

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण



कटनी। मध्य प्रदेश में दलित-आदिवासियों के साथ अत्याचार की घटनाएं नहीं थम रही है। कटनी से एक रूह कंपाने वाला मामला सामने आया है। यहां जीआरपी थाने में नाबालिग और उसकी दादी की बेरहमी से पिटाई की गई। पीड़ित दलित परिवार से आते हैं। घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद हडकंप मच गया है।

वीडियो में सबसे पहले जीआरपी थाना प्रभारी अरुणा वाहने महिला के बाल पकड़ते हुए उसे अपने कक्ष में खींचकर लाती है। यहां पर कक्ष का गेट लगाकर महिला की डंडे से पिटाई करती हैं। इसके बाद अन्य स्टाफ भी आ जाता है, जो बारी-बारी से महिला और उसके नाती को डंडे और हाथ-मुक्कों से पीटते हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, दादी-पोते को चोरी के मामले में पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन लाया गया था। यहां, पुलिस ने कथित तौर पर उन्हें थर्ड डिग्री के यातनाएं दीं। रेल एसपी जबलपुर ने इस मामले पर कहा कि यह घटना अक्टूबर 2023 का है। एसपी ने एक्स पर लिखा है कि वे निगरानीशुदा बदमाश के परिजन हैं। हालांकि, किसी भी बदमाश के परिजनों के साथ ऐसा अमानवीय व्यवहार उचित नहीं है।

मामले पर कांग्रेस ने तल्ख टिप्पणी की है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने लिखा मध्य प्रदेश के कटनी में जीआरपी पुलिस द्वारा एक दलित बच्चे और महिला को बेरहमी से पीटने की घटना बताती है कि मध्य प्रदेश में दलितों का जीवन सुरक्षित नहीं है। रक्षक ही उनके भक्षक बनते जा रहे हैं। सीएम साहब कब रुकेगा दलितों पर अत्याचार?

मामला तूल पकड़ने के बाद रेल एसपी जबलपुर ने जीआरपी कटनी थाना प्रभारी अरुणा वाहने को थाने से हटाते हुए मामले की जांच डीएसपी को सौंपी है।

# खरगे ने मोदी सरकार पर निशाना साधा, कहा- 'बेटी बचाओ' नहीं 'बेटी को बराबरी का हक' सुनिश्चित करो

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महिलाओं के खिलाफ अपराध की हालिया घटनाओं को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा है. खरगे ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार महिलाओं की सुरक्षा पर बात कर चुके हैं. लेकिन उनकी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में ऐसा कुछ ठोस नहीं किया, जिससे आधी आबादी के खिलाफ अपराधों पर अंकुश लगे. खरगे ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में लिखा कि हमारी महिलाओं के साथ हुआ कोई भी अन्याय असहनीय है, पीड़ादायक है और घोर निंदनीय है. हमें 'बेटी बचाओ' नहीं 'बेटी को बराबरी का हक सुनिश्चित करो' चाहिए. उन्होंने कहा कि महिलाओं को संरक्षण नहीं, भयमुक्त वातावरण चाहिए.

### बीजेपी ने अपराधों की रोकथाम के लिए कुछ नहीं किया, उल्टा पीड़ित का चरित्र हनन किया

खरगे ने दावा किया कि देश में हर घंटे महिलाओं के खिलाफ 43 अपराध रिकॉर्ड होते हैं. हर दिन 22 अपराध ऐसे हैं, जो हमारे देश के सबसे कमजोर दलित-आदिवासी वर्ग की महिलाओं व बच्चों के खिलाफ दर्ज होते हैं. वहीं डर, भय और सामाजिक कारणों के चलते ऐसे अनगिनत अपराध हैं, जो दर्ज ही नहीं होते हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी लाल किले से दिये गये अपने भाषणों में कई बार महिला सुरक्षा पर बात कर चुके हैं, पर उनकी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में ऐसा कुछ ठोस नहीं किया, जिससे महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम हो. उल्टा, उनकी पार्टी ने कई बार पीड़ित का चरित्र हनन भी किया है, जो शर्मनाक है.

### "बेटी बचाओ" पेंट करवाने से क्या सामाजिक बदलाव आयेगा या सरकारें व कानून व्यवस्था सक्षम बनेंगी ?

कांग्रेस अध्यक्ष ने सवाल किया कि हर दीवार पर ''बेटी बचाओ'' पेंट करवा देने से क्या सामाजिक बदलाव आयेगा या सरकारें और कानून व्यवस्था सक्षम बनेंगी ? आगे कहा कि क्या हम ऐहतियाती कदम उठा पा रहे हैं ? क्या हमारा आपराधिक न्याय तंत्र सुधरा है ? क्या समाज के शोषित व वंचित अब एक सुरक्षित वातावरण में रह पा रहे हैं ? '' खरगे ने यह सवाल भी किया कि क्या सरकार और प्रशासन ने वारदात को छिपाने का काम नहीं किया है ? क्या पुलिस ने सच्चाई छिपाने के लिए पीड़िताओं का अंतिम संस्कार जबरन करना बंद कर दिया है ? निर्भया कांड का हवाला देकर कहा कि जब 2012 में दिल्ली में ''निर्भया'' के साथ वारदात हुई तो न्यायमूर्ति वर्मा कमेटी ने ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए सिफारिशें दी थीं. आज क्या उन सिफारिशों को हम पूर्णतः लागू कर पा रहे हैं? '' उन्होंने कहा कि संविधान ने महिलाओं को बराबरी का स्थान दिया है. महिलाओं के खिलाफ अपराध एक गंभीर मुद्दा है. इन अपराधों को रोकना देश के लिए एक बड़ी चुनौती है. हम सबको एकजुट होकर, समाज के हर तबके को साथ लेकर इसके उपाय तलाशने होंगे. खरगे ने जोर देते हुए कहा कि अब वक्त आ गया है, जब हर वह कदम उठाया जाये, जिससे महिलाओं के लिए भययुक्त वातावरण सुनिश्चित हो सके.

# धनबाद : विस चुनाव में उम्मीदवारों की घोषणा में युवाओं को प्राथमिकता दे कांग्रेस- मो. जुबेर

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

धनबाद जिला की सभी छह विधानसभा सीटों से कांग्रेस से टिकट के दावेदारों ने अपनी दावेदारी ठोक दी है. अकेले धनबाद विधानसभा से 56 दावेदारों ने अपना आवेदन कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह को सौंपा है. धनबाद से दावेदारी करने वाले युवा दावेदार मो. जुबेर उर्फ तबरेज खान ने कहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की ओर से पूरे झारखंड से युवाओं को ज्यादा से ज्यादा टिकट दिया जाना चाहिए.

युवा ही देश की रीढ़ हैं और इन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है. हर बार टिकट बंटवारे के समय युवाओं को नजरअंदाज कर दिया जाता है. तबरेज ने कहा कि धनबाद में कई तरह की समस्याएं हैं, जिन्हें युवा ज्यादा बेहतर ढंग से हल कर सकते हैं.



# क्या फिर शुरू होगी भारत जोड़ो यात्रा, राहुल गांधी ने दिए ये संकेत

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण



नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर एक वीडियो साझा किया। वीडियो में वह मार्शल आर्ट्स करते हुए दिख रहे हैं। इस वीडियो के पोस्ट में उन्होंने लिखा- भारत डोजो यात्रा जल्द आ रही है। यहां डोजो शब्द मार्शल आर्ट्स के लिए एक हॉल या स्कूल को संदर्भित करता है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो साजा करते हुए पोस्ट भी किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, ''भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान हमने हजारों किमी की दूरी तय की। हम अपने कैंप साइट में शाम को जिउ-जित्सु का अभ्यास करते थे। फिट रहने के लिए एक सरल तरीके के रूप में हमने इसे शुरू किया जो तेजी से एक सामुदायिक गतिविधि में बदल गई। जहां हम रुके थे, वहां के युवा मार्शल आर्ट छात्रों को लाया गया। हमारा लक्ष्य इन युवाओं को जिउ-जित्सु, ऐकिडो और अहिंसक संघर्ष समाधान तकनीकों से परिचित कराना था।

कांग्रेस नेता ने आगे कहा, ''हमारा उद्देश्य उनमें हिंसा को सज्जनता में बदलना और उन्हें अधिक दयालु और सुरक्षित समाज बनाने के लिए उपकरण देना है। राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर मैं आप लोगों के साथ अपना अनुभव साझा करना चाहता हूं। उम्मीद है कि आप में से कुछ लोग जेंटल आर्ट का अभ्यास करने के लिए प्रेरित होंगे। भारत डोजो यात्रा जल्द आ रही है।''

राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव शुरू होने से पहले इस साल जनवरी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत की थी। उन्होंने इस यात्रा को मणिपुर से शुरू करते हुए मुंबई में इसका समापन किया था। यह यात्रा 63 दिनों तक चली थी, जिसमें उन्होंने 6,700 किलोमीटर की दूरी तय की थी।

# दिल्ली कांग्रेस के 'बदलाव मिशन' से लगातार जुड़ रहे हैं लोग!

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

दिल्ली कांग्रेस के 'बदलाव मिशन' से लगातार जुड़ रहे हैं लोग!

हमारे जननायक एवं नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी जी के न्याय सिद्धांतों और कांग्रेस की विचारधारा में लोगों का विश्वास दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है!

आज दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री देवेन्द्र यादव जी ने पूर्व पार्षद श्रीमती अमरलता सांगवान सहित हज़ारों की संख्या में भाजपा व आप छोड़कर आये नेताओं-कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करवाई।

आप सभी पार्टी की नीतियों का अनुसरण करते हुए न्याय के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने और और दिल्ली में कांग्रेस को सशक्त बनाने में अपना योगदान देंगे, ऐसा हमें विश्वास है।



# कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक 31 अगस्त और 1 सितंबर को

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक 31 अगस्त और 1 सितंबर को रांची में होगी। इसमें विधानसाभा चुनाव के प्रत्याशियों के नामों की समीक्षा होगी। प्रत्याशी अपना आवेदन जिला अध्यक्ष के समक्ष 28 अगस्त तक जमा कर सकते थे। जिला अध्यक्ष प्रत्याशियों के आवेदन को स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष जमा करेंगे। इस बात की जानकारी प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बुधवार को पलामू में संवाद कार्यक्रम में दी।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गठबंधन का फैसला आलाकमान करेगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पहले कांग्रेसी बने बाद में व्यक्तिवादी सोच रखें। व्यक्तिवादी सोच रखने से कार्यकर्ताओं को दुख होगा। लेकिन सभी को एकजुट होकर पार्टी को मजबूत बनाने की जरूरत है। कार्यकर्ता खुद को मजबूत रखे, जो भी प्रत्याशी होगा वो कार्यकर्ताओं के बीच से ही होगा।



वहीं कार्यक्रम में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री रामवेश्वर उरांव ने कहा कि 1-1 विधानसभा सीट पर 70 से 80 आवेदन मिले हैं। ये आवेदन बता रहा है कि हमारी पार्टी कितनी मजबूत है। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी ने विधानसभा चुनाव को लेकर दो रणनीति तैयार की है। पलामू में कार्यकर्ताओं के भावनाओं का ध्यान रखा जाएगा। इस बार पार्टी अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ेगी । पलामू के सभी 5 सीटों से चुनाव लड़ने की मांग कार्यकर्ताओं ने की है।

कार्यक्रम में शामिल कार्यकर्ताओं ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस को समझौता करना पड़ा था। लेकिन अब समझौता करने की कोई जरूरत नहीं है। संवाद कार्यक्रम को पूर्व मंत्री ददई दुबे, केएन त्रिपाठी, पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह , कांग्रेस प्रवक्ता मोहम्मद तौसीफ, जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक ने संबोधित किया।

# मुदा मामले में राज्यपाल गहलोत के आदेश का विरोध करेंगे कांग्रेस विधायक

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

नई दिल्ली। कर्नाटक मुदा मामले को लेकर सीएम सिद्धारमैया को कारण बताओ नोटिस देने और मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के मामले में कांग्रेस विधायकों ने राज्यपाल थावरचंद गहलोत के खिलाफ राष्ट्रपति से मिलने की तैयारी की है। कर्नाटक के गृहमंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि पार्टी ने इसे लेकर अस्थायी योजना बनाई है। 29 अगस्त को अदालत में होने वाली कार्रवाई के बाद इस बारे में अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

दरअसल, कर्नाटक में मुदा जमीन आवंटन घोटाले में सीएम सिद्धारमैया को राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही उनके खिलाफ जांच शुरू करने और



मुकदमा चलाने की मंजूरी दी थी। राज्यपाल के आदेश को सीएम सिद्धारमैया ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट को 29 अगस्त को मामले पर सुनवाई करनी है। गृहमंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि हमने राज्यपाल के आचरण के संबंध में कुछ निर्णय लिए हैं। प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने राज्य में पार्टी की ओर से विरोध प्रदर्शन करने का एलान किया है। इसके बाद एक साथ सभी विधायक और सांसद राज्यपाल को ज्ञापन सौपेंगे। उन्होंने कहा कि 31 अगस्त को राजभवन चलो की योजना बनाई गई है। हम पहले राज्यपाल से मिलेंगे और उनको ज्ञापन सौपेंगे।

राज्यपाल की ओर से वापस किए गए विधेयकों को लेकर उन्होंने कहा कि विधेयकों की कानूनी टीम जांच कर रही है। पहले राज्यपाल को स्पष्टीकरण देंगे। फिर भी वह आश्वस्त नहीं होते हैं तो हमें राष्ट्रपति के पास जाना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि मुदा मामले को लेकर भाजपा अगर विरोध को राष्ट्रीय स्तर पर ले जाती है तो हम भी इसका मुकाबला करेंगे। उन्होंने कहा कि गुरुवार को हाईकोर्ट में होने वाली सुनवाई के दौरान फैसला सीएम सिद्धारमैया के पक्ष में आने की उम्मीद है। हाईकोर्ट राज्यपाल के फैसले के पक्ष में दी गई दलील पर विचार नहीं करेगा। क्योंकि मामले में सीएम सिद्धारमैया की कोई संलिप्तता नहीं है। न तो उनका नाम है और न ही हस्ताक्षर, न ही सीधी भागीदारी। मुझे लगता है कि अदालत इन सभी पहलुओं पर विचार करेगी।

सिद्धारमैया के खिलाफ फैसला होने की स्थिति पर गृहमंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि इस संबंध में कोई चर्चा अभी नहीं हुई है। सिद्धारमैया के सीएम पद छोड़ने के बाद अगले सीएम को लेकर जी परमेश्वर बोले कि वरिष्ठता से यह तय हो सकता है। मगर क्या होगा इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता। मैं पार्टी का एक अनुशासित सिपाही हूं और मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे मैंने पूरा किया है। मल्लिकार्जुन खरगे के जमीन आवंटन मामले में भाजपा के विरोध को लेकर गृहमंत्री ने कहा कि राज्यपाल को इसकी भी जांच करने दीजिए। यदि कुछ भी अवैध है, तो उन्हें आवश्यक कार्रवाई करने दें। सरकारों पर ऐसे आरोप लगते रहते हैं।

# विधायक सचिन यादव को गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र का पर्यवेक्षक (ऑब्जर्वर) नियुक्त किया गया

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

भोपाल

हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा पार्टी के विभिन्न नेताओं को जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। इसी क्रम में मध्य प्रदेश के कसरावद विधानसभा से कांग्रेस के विधायक और पूर्व मंत्री सचिन यादव को गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र का पर्यवेक्षक (ऑब्जर्वर) नियुक्त किया गया है।

राज्य की राजनीति में विधायक सचिन यादव के पिता पूर्व उपमुख्यमंत्री सुभाष यादव तथा भाई पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव का पिछड़े वर्ग में खासा प्रभाव है। यादव परिवार की यादव समाज में गहरी पैठ भी है। सचिन यादव को यह जिम्मेदारी पिछड़ा वर्ग और खासकर यादव समाज को रिझाने के लिए दी गई है। निमाड़ अंचल के कांग्रेस नेताओं ने सचिन यादव को गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र का पर्यवेक्षक बनाने पर खुशी जाहिर करते हुए कांग्रेस हाईकमान का आभार व्यक्त किया है।



जिम्मेदारी मिलने के बाद क्या बोले सचिन यादव?

सचिन यादव ने इस जिम्मेदारी के लिए पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, संगठन मंत्री के.सी. वेणुगोपाल और हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह जल्द ही गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र में पहुंचकर सभी 9 विधानसभा सीटों बावल, रेवाड़ी, पटौदी, बादशाहपुर, गुड़गांव, सोहना, नूंह, फिरोजपुर झिरका और पुनहाना का दौरा नी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनाव में गुरुग्राम की सभी नौ विधानसभा सीटों में कांग्रेस के उम्मीदवारों को जिताने का प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी सभी विधानसभा सीटों पर भारी बहुमत के साथ विजयी होगी।

हरियाणा में 1 अक्टूबर को चुनाव

यादव ने दावा किया कि हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बहुमत के साथ एक मजबूत जनहितैषी सरकार बनायेगी। हरियाणा में सभी 90 विधानसभा सीटों पर 1 अक्टूबर को चुनाव होने वाले हैं। मतगणना 4 अक्टूबर को होगी।

# झारखंड: लोहरदगा में स्थानीय उम्मीदवार को मिले प्राथमिकता - सुखदेव भगत

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

प्रदेश कांग्रेस आसन्न विधानसभा चुनाव में अपने 18 सीटिंग विधायकों पर फिर से दांव खेल सकती है। प्रदेश नेतृत्व ने सभी विधायकों को अपने क्षेत्र में चुनावी मोड में काम करने का निर्देश दिया है। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश के बाद लोहरदगा से कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने स्थानीय उम्मीदवार की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। दरअसल, लोहरदगा से विधायक डॉ रामेश्वर उरांव मूल रूप से पलामू जिले के चियांकी के रहने वाले हैं और लोहरदगा से ही 2004 में अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत कर सांसद चुने गए थे।

इसी वर्ष मनमोहन सरकार में डॉ रामेश्वर उरांव को केंद्रीय मंत्री बनाया गया था।

वर्तमान में डॉ रामेश्वर उरांव लोहरदगा से कांग्रेस के विधायक और हेमंत सरकार में वित मंत्री है। सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि पार्टी की बैठक में चर्चा हुई है और कार्यकर्ताओं की भी राय है जब वार्ड और पंचायत चुनाव में स्थानीयता अहम मुद्दा रहा है तो फिर विधानसभा चुनाव में स्थानीय लोगो को तरजीह दी जाए। जनता भी चाहती है कि लोहरदगा से स्थानीय उम्मीदवार हो। हमारी सरकार भी स्थानीयता की बात करती है। इसलिए मैं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और सीएलपी लीडर डॉ रामेश्वर उरांव से बात करूंगा और लोहरदगा से स्थानीय उम्मीदवार दिए जाने की मांग करूंगा।



# कांग्रेस हरियाणा में पार्टी के किसी भी सांसद को विधानसभा चुनाव लड़ने की इजाजत नहीं देगा

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण



नईदिल्ली
हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ने का सपना देख रहे कांग्रेस सांसदों को झटका लगा है। पार्टी ने साफ कर दिया है कि किसी भी सांसद को चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस ऐलान के साथ ही कुमारी शैलजा और रणदीप सुरजेवाला को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। दरअसल, दोनों ही सांसदों ने विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की थी। इधर, भारतीय जनता पार्टी ने गुटबाजी को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। साथ ही शैलजा को मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित करने की चुनौती दी है।

खास बात है कि यह ऐलान ऐसे समय पर आया है, जब अटकलें थीं कि हरियाणा कांग्रेस में वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा और शैलजा को लेकर गुटबाजी जारी है। दोनों ही नेता अलग-अलग कार्यक्रम और घोषणाएं करते भी देखे गए थे।

कांग्रेस के हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया ने कहा कि पार्टी के किसी भी सांसद को विधानसभा चुनाव लड़ने की इजाजत नहीं दी जाएगी। बाबरिया से सवाल किया गया कि कुछ सांसद भी चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं तो उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 'किसी को इजाजत नहीं दी जाएगी।'

उन्होंने बताया कि प्रदेश की 90 विधानसभा सीट के लिए 2500 से अधिक आवेदन आए हैं जिनमें से कई लोगों के साक्षात्कार भी किए गए हैं। उन्होंने एक सवाल के जवाब में यह भी कहा कि जिन विधायकों के खिलाफ जमीन पर माहौल होगा, उनके टिकट काटे जा सकते हैं। हरियाणा में सभी 90 विधानसभा सीट के लिए एक अक्टूबर को मतदान होगा। मतगणना चार अक्टूबर को होगी।

विधानसभा चुनाव की तैयारी में थीं शैलजा और सुरजेवाला

खास बात है कि शैलजा और सुरजेवाला को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा कैंप का विरोधी माना जाता है। कुछ दिन पहले ही सैलजा ने 'पीटीआई' के विशेष कार्यक्रम '4पार्लियामेंट स्ट्रीट' में समाचार एजेंसी के संपादकों के साथ बातचीत में विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी और कहा था कि वह राज्य में काम करने की इच्छुक हैं, लेकिन इस बारे में अंतिम फैसला कांग्रेस आलाकमान को करना है।

सैलजा 5 बार लोकसभा और 1 बार राज्यसभा सदस्य रह चुकी हैं। 2024 चुनाव में उन्होंने सिरसा से जीत हासिल की थी। ऐसा माना जा रहा था कि वह हरियाणा में कांग्रेस के सीएम फेस के लिए भी दावेदारी कर रहीं हैं

राज्यसभा सदस्य सुरजेवाला ने मंगलवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया था, 'कैथल मेरा मंदिर...फिर सजाएंगे, फिर संवारेंगे।' सुरजेवाला अतीत में कैथल विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला के पुत्र भी चुनाव लड़ सकते हैं तो बाबरिया ने कहा, 'हो सकता है, वो चाहेंगे तो लड़ेंगे।'

# सीबीआई जांच की मांग को लेकर एसएसपी हरिद्वार के कार्यालय पर प्रदर्शन का किया ऐलान

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

महिलाओं अल्पसंख्यकों व दलित समाज के साथ हो रही हिंसा व उत्पीड़न के खिलाफ कांग्रेस ने भरी हुंकार। आज कांग्रेस का राज्य नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व अध्यक्ष व पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह, सहारनपुर सांसद काजी इमरान मसूद, वरिष्ठ विधायक काज़ी निजामुद्दीन मंगलौर, श्रीमति ममता राकेश विधायक (भगवानपुर), श्री फुरकान विधायक (पिरान कलियर )श्री वीरेंद्र जाती विधायक (झबरेडा), पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस सूर्यकान्त धस्माना, प्रदेश महामंत्री संजय पालीवाल, प्रदेश महामंत्री याकूब सिद्दीकी, महानगर अध्यक्ष हरिद्वार अमन गर्ग, महानगर अध्यक्ष रुड़की राजेंद्र चौधरी, पूर्व मेयर रुड़की यशपाल सिंह आदि ने हरिद्वार पहुंच कर शांतरशाह में दलित नाबालिग युवती की हत्या के खिलाफ ३१ अगस्त को रुड़की एसडीएम के घेराव व १ सितंबर को वसीम मृत्यु काण्ड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर एसएसपी हरिद्वार के कार्यालय पर प्रदर्शन का किया ऐलान।



# सोशल मीडिया पॉलिसी में न्याय मांग रही महिलाओं की आवाजें किस श्रेणी में आएँगी?: प्रियंका गांधी

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण



लखनऊ

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने यूपी सरकार की हाल ही में लाई गई सोशल मीडिया पॉलिसी पर सीधा हमला किया है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि

जो तुमको हो पसंद, वही बात कहेंगे
तुम दिन को अगर रात कहो, रात कहेंगे

उप्र सरकार की सोशल मीडिया पॉलिसी में न्याय मांग रही महिलाओं की आवाजें किस श्रेणी में आएँगी? 69000 शिक्षक भर्ती आरक्षण घोटाले में उठने वाले सवाल किस श्रेणी में आएंगे? भाजपा नेताओं-विधायकों द्वारा भाजपा सरकार की पोल-पट्टी खोलना किस श्रेणी में आएगा?

'तुम दिन को कहो रात तो रात, वरना हवालात' नीति सच को दबाने का एक और तरीका है। क्या भाजपा लोकतंत्र और संविधान को कुचलने से ज्यादा कुछ सोच ही नहीं सकती?

विज्ञापन के लिए सोशल मीडिया पर दो वर्ष से सक्रिय होना जरूरी

शासन ने उत्तर प्रदेश डिजिटल मीडिया नीति-2024 जारी कर दी है। इसे कैबिनेट ने मंगलवार को मंजूरी दी थी। इसके तहत विज्ञापन के लिए डिजिटल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, कंटेंट राइटर या इससे संबंधित एजेंसी या फर्म का कम से कम दो वर्ष से अस्तित्व में होना अनिवार्य है। इससे सोशल मीडिया पर सक्रिय लोगों को प्रोत्साहन मिलेगा।

फेसबुक पर न्यूनतम 10 लाख, पांच लाख, दो लाख और एक लाख सब्सक्राइबर या फॉलोअर्स के आधार पर चार श्रेणियां तय की गई हैं। इसी तरह सब्सक्राइबर या फॉलोअर्स के आधार पर अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के लिए भी श्रेणियां तय की गई हैं। जारी नीति में कहा गया है कि अगर ऐसा पाया जाता है कि कोई भी कंटेंट (मैटर) राष्ट्र विरोधी, समाज विरोधी या अभद्र हो या समाज की विभिन्न वर्गों की भावना को ठेस पहुंचाता हो या गलत तथ्यों पर आधारित हो, सरकार की योजनाओं को गलत मंशा से या गलत ढंग से प्रस्तुत करता हो तो उस स्थिति में सूचना निदेशक की स्वीकृति से भुगतान संबंधी शर्तों को पूरा करने के बावजूद भुगतान रोका जा सकता है।

पर, आपत्तिजनक पोस्ट पर आपराधिक कार्रवाई का कोई प्रावधान नहीं है। जबकि आपत्तिजनक पोस्ट के संबंध में पहले से विद्यमान कानूनों के दायरे में कार्रवाई की जा सकती है। विज्ञापन के लिए सूचीबद्धता (एम्पैनलमेंट) भी निरस्त हो सकती है। ऐसे मामलों में निदेशक सूचना को विधिक कार्यवाही के लिए भी अधिकृत किया गया है।

# राहुल गांधी ने सीएम योगी को लिखी चिट्ठी

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण



नई दिल्ली। अर्जुन पासी हत्याकांड का मामला एक बार फिर गरमा गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चिट्ठी लिखी है। राहुल गांधी ने चिट्ठी लिखकर अर्जुन पासी के मुख्य हत्यारोपी विशाल सिंह की गिरफ्तारी की मांग की है। लिखा कि मुख्यआरोपी को राजनैतिक संरक्षण मिलने से अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है।

राहुल गांधी ने लिखा कि पिछले सप्ताह मैं पीड़ित परिजनों से मिला था। पीड़ित परिवार ने उन्हें घटनाक्रम से अवगत कराते हुए बताया था कि संबंधित सात नामजद अभियुक्तों में से छह अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो चुकी है, लेकिन मुख्य अभियुक्त विशाल को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। आरोप लगाया कि विशाल सिंह को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, जिस वजह से उसकी गिरफ्तारी नहीं हो रही है।

कांग्रेस नेता ने आगे लिखा कि दो सप्ताह बीत जाने के बावजूद गिरफ्तारी न होने से पीड़ित दलित समाज में भय व्याप्त है। असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर हैं। साथ ही, एक अत्यंत गरीब, शोषित, दलित परिवार को न्याय से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने अनुरोध किया कि मुख्य आरोपी विशाल सिंह की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाए ताकि पीड़ित परिजनों को न्याय मिल सके।

बता दें कि 11 अगस्त को अर्जुन पासी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। युवक की हत्या के बाद परिवारजन, कई संगठनों समेत ग्रामीणों ने गांव में सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर कलेक्ट्रेट में भी प्रदर्शन किया। मामले में मृतक की मां की तहरीर पर पुलिस ने सात नामजद समेत 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है, जिनमें से छह आरोपितों को पुलिस ने जेल भेज दिया है, जबकि एक आरोपित विशाल सिंह अभी भी पुलिस की पहुंच से दूर है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ केशव महतो कमलेश ने किया संवाद, कहा- संगठन का मेरुदंड है बूथ कमिटी

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

रांची

₹संवाद आपके साथ₹ कार्यक्रम के तहत कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने लोहरदगा और गुमला जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज आपको यह संकल्प लेना है कि आप दल में सारी गुटबाजी को परे रखकर आगामी चुनाव की तैयारी करेंगे। आपको किसी व्यक्ति विशेष का नहीं बल्कि कांग्रेस का सिपाही बनकर चुनावी रण में उतरना है। भावी पीढ़ी को कांग्रेस की नीतियों और सिद्धांतों को जानने की जरूरत है। कांग्रेस समाज को जोड़ने की राजनीति करती है तोड़ने की नहीं। हम उस कांग्रेस के सदस्य हैं जिसका इतिहास शहादतों से भरा पड़ा है, इस गौरवशाली इतिहास को बनाए रखना हमारा कर्तव्य है।



कहा कि जिस तरह से खून-पसीने से सींचकर लोहरदगा क्षेत्र में कांग्रेस को मजबूत बनाया गया है उसी मेहनत के साथ संगठन हित में काम करना है। जब तक हम पंचायत, प्रखंड और बूथ अध्यक्षों को सम्मान नहीं देंगे, हमारा संगठन मजबूत नहीं हो पाएगा। बूथ कमिटी संगठन का मेरुदंड है। कार्यक्रमों के माध्यम से संगठन की नीतियों और सिद्धांतों के साथ-साथ सरकार की उपलब्धियों को भी जनता के पास लेकर जाना है। सरकार की योजनाओं से सक्रियता के साथ आम जनता को जोड़ने का काम करें ताकि जनता को इसका फायदा मिल सके। गठबंधन की हमारी सरकार सभी वर्गों के हितों के लिए काम कर रही है, सरकार के अनेक उपलब्धियां है जिसे लोगों को बताया जा सकता है। कार्यक्रम में कांग्रेस विधायक दल नेता डॉक्टर रामेश्वर उरांव ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं। पार्टी में भी सभी वर्गों की भागीदारी होनी चाहिए। राहुल गांधी की सोच के अनुसार ₹जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी₹ होनी चाहिए, यह उन्होंने कर दिखाया है। इससे संदेश जाता है कि कांग्रेस सिर्फ कहती नहीं करती भी है ।

कांग्रेस ने ओबीसी वर्ग से आने वाले केशव महतो जैसे कार्यकर्ता को झारखंड कांग्रेस की कमान सौंप कर उन्होंने सामाजिक भागीदारी के न्याय की आवाज को बुलंद किया। लोहरदगा क्षेत्र में महागठबंधन की सरकार के कार्यकाल में विकास कार्यों से परिस्थितियों बदल गई है, विरोधी दलों को विकास के मामले में कुछ कहते नहीं बन रहा है क्योंकि जनता जानती है कि कुछ वर्षों से योजनाओं के क्रियान्वयन से तस्वीर बदली है क्षेत्र का उत्तरोत्तर विकास जारी है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप कुमार बालमुचु, राजेश कच्छप, धीरज प्रसाद साहू, राजीव रंजन प्रसाद, सतीश पॉल मुंजनी, मदन मोहन शर्मा, मानस सिन्हा, रमा खलखो, डॉ अजय शाहदेव, भानु प्रताप बड़ाईक, संजय, सुखेर भगत सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।



**झारखण्ड सरकार के द्वारा आज स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत अनुबंध पर लगभग 365 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर को नियुक्त किया गया। सभी को नियुक्त पत्र मुख्यमंत्री श्री Hemant Soren जी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री Banna Gupta जी के द्वारा दिया गया। आप सभी को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।**